आयोग द्वारा खनिज़ साधन विभाग हेतु, खनि निरीक्षक के पदों हेतु जारी विज्ञापन क्रमांक 04/परीक्षा/2012 के संदर्भ में पदों में वृद्धि, नवीन आवेदन आमंत्रण तथा परीक्षा तिथि की सूचना विषयक शुद्धिपत्र दिनांक 06.05.2013 के रोज़गार और निर्माण समाचार पत्र में प्रकाशित किया जा रहा है । आवेदकों की अग्रिम सूचना हेतु आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध कराया जा रहा है ।

# मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग

## रेसीडेन्सी क्षेत्र – इन्दौर

**शुद्धिपत्र क्रमांक 03/04/परीक्षा/2012/ दिनांक 06.05.2013**

## खनि निरीक्षक परीक्षा 2012

## पद वृद्धि, नवीन आवेदन आमंत्रण तथा परीक्षा तिथि की सूचना

**परीक्षा तिथि 30.06.2013**

| ऑनलाइन आवेदन अवधि | 06.05.2013 से 15.05.2013 | त्रुटि सुधार अवधि | 10.05.2013 से 17.05.2013 | प्रवेश पत्र उपलब्धता अवधि | 08.06.2013 से 28.06.2013 |
|---|---|---|---|---|---|

01 आयोग द्वारा खनिज़ साधन विभाग ,मध्य प्रदेश शासन के अंतर्गत खनि निरीक्षक के पदों की पूर्ति हेतु विज्ञापन क्रमांक 04/परीक्षा/2012"रोज़गार और निर्माण" समाचार पत्र के दिनांक 17.12.2012 के अंक में प्रकाशित किया गया था । उक्त पदों की लिखित परीक्षा दिनांक 21.04.2013 को आयोजित की जानी थी जो अपरिहार्य कारणों से शुद्धिपत्र क्रमांक 02/04/परीक्षा/2012, दिनांक 25.03.2013 द्वारा स्थगित की गयी थी ।

02 उक्त विज्ञापन में विज्ञापित पदों की संख्या निम्नानुसार संशोधित की जाती है

| पद का नाम | कुल पद | रिक्तियों की वर्गवार संख्या | | | | रिक्तियों में से वर्गवार मध्यप्रदेश की मूल निवासी महिलाओं के लिये आरक्षित पद | | | | रिक्तियों में से नि:शक्त आवेदकों हेतु आरक्षित पद | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अना | अनु. जाति | अनु. जन जाति | अ. पि. व. | अना | अनु. जाति | अनु. जन जाति | अ.पि. व. | अना | अनु. जाति | अनु. जन जाति | अ.पि.व. |
| खनि निरीक्षक (Mining Inspector) | 45 | 23 | 06 | 09 | 07 | 07 | 02 | 02 | 02 | 02<br>01 अस्थि बाधित<br>01 श्रवण बाधित | 02<br>01 अस्थि बाधित<br>01 दृष्टि बाधित | 02<br>01 अस्थि बाधित<br>01 श्रवण बाधित | 02<br>01 दृष्टि बाधित<br>01 श्रवण बाधित |

03 राज्य शासन द्वारा सभी आवेदकों हेतु सीधी भर्ती हेतु अधिकतम आयु सीमा 40 वर्ष निर्धारित की गयी है अत: जिन आवेदकों द्वारा पूर्व में आवेदन नहीं भरा जा सका था उन्हें आवेदन का अवसर उपलब्ध कराते हुये उक्त पदों हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जा रहे है ।

04 ऑनलाइन आवेदन पत्र दिनांक **06.05.2013** को (दोपहर 12:00 बजे ) से **15.05.2013** (रात्रि 12:00 बजे तक) वेबसाइट **www.mponline.gov.in** तथा आयोग की वेबसाइट **www.mppsc.nic.in, www.mppsc.com** भरे जा सकेंगें । आवेदक ऑनलाइन आवेदन पत्रों में दिनांक **10.05.2013** को (दोपहर 12:00 बज) से **17.05.2013** (रात्रि 12:00 बजे तक) त्रुटि सुधार कर सकेंगें । **जिन आवेदकों द्वारा पूर्व में आवेदन पत्र भरे जा चुके है उन्हे पुन: आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है ।**

05 उक्त पदों की पूर्ति हेतु लिखित परीक्षा **दिनांक 30.06.2013** को निम्नानुसार दो सत्रों में आयोजित की जायेगी:-

| | | |
|---|---|---|
| प्रथम प्रश्न पत्र (अनिवार्य विषय) | सामान्य अध्ययन | प्रात: 10:00 बजे से 12:00 बजे तक |
| द्वितीय प्रश्न पत्र वैकल्पिक विषय | भू-विज्ञान या **Diploma in Mining** | दोपहर पश्चात 02:00 बजे से 04:00 बजे तक |

05 **परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र दिनांक 08.06.2013 से 28.06.2013 तक वेबसाइट www.mponline.gov.in तथा आयोग की वेबसाइट www.mppsc.nic.in, www.mppsc.com पर उपलब्ध रहेंगें** । आवेदक उक्त वेबसाइटों से प्रवेश पत्र डाउनलोड करें । प्रवेश पत्र हेतु एम. पी. ऑनलाइन के अधिकृत कियोस्क से भी प्रवेश पत्र प्राप्त कर सकेगें जिसके लिये रु. 5/- शुल्क देय होगा

06 **विस्तृत विज्ञापन हेतु आवेदक दिनांक 17.12.2012 के रोज़गार और निर्माण तथा उक्त विज्ञापन के संदर्भ में परीक्षा योजना हेतु दिनांक 31.12.2012 के रोजगार और निर्माण समाचार पत्र अथवा आयोग की वेबसाइट www.mppsc.nic.in, www.mppsc.com का अवलोकन करें ।**

07 विज्ञापन की शेष शर्तें पूर्ववत रहेंगीं ।

सचिव